# <u>राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र हरियाणा द्वारा प्रथम बैच के लिए राष्ट्रीय कर्मयोगी वृहद जन सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन</u>

भारतीय क्षमता निर्माण आयोग द्वारा केन्द्र सरकार के कर्मचारियों में सेवा भाव विकसित करने के लिए बड़े पैमाने पर राष्ट्रीय कर्मयोगी जन सेवा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, हरियाणा एवं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र , चंडीगढ़ के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए 17 नवंबर, 24 नवंबर, 8 दिसम्बर एवं 15 दिसम्बर 2025 को करना निर्धारित किया गया है ।

इस कार्यक्रम के अनुसार पहले समूह का प्रशिक्षण 17 नवंबर 2025 को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र हरियाणा द्वारा सफलतापूर्वक आयोजित किया गया और इस दौरान एनआईसी हरियाणा एवं एनआईसी चंडीगढ़ के मास्टर प्रशिक्षकों ने एनआईसी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए लाइव एवं व्यावहारिक सत्र आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में **श्री वारीन्द्र सेठ**, उपमहानिदेशक एवं हरियाणा राज्य समन्वयक उपस्थित रहे ।




कार्यक्रम का शुभारंभ **श्री वारीन्द्र सेठ,** उपमहानिदेशक एवं हरियाणा राज्य समन्वयक, **श्री सरबजीत सिंह,** उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी हरियाणा, **श्री विवेक वर्मा,** उपमहानिदेशक एवं राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी चंडीगढ़ एवं **श्री अजय मल्होत्रा**, उपमहानिदेशक द्वारा पारंपरिक रूप से दीप प्रज्वलित करके किया गया ।








श्री सरबजीत सिंह, राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, हरियाणा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों एवं एनआईसी हरियाणा एवं एनआईसी चंडीगढ़ के प्रतिभागियों का स्वागत किया ।

श्री विवेक वर्मा, राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, चंडीगढ़ ने सभी को संबोधित करते हुए इस प्रशिक्षण के संबंध में अपने अनुभव साझा किए और इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के महत्व पर बल दिया ।

श्री वारीन्द्र सेठ ने अपने सम्बोधन में इस कार्यक्रम के लक्ष्य पर प्रकाश डाला । उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम हमें अपनी व्यावसायिक क्षमताओं को मजबूत करने के साथ साथ आंतरिक मूल्यों जैसे ईमानदारी, समर्पण और सेवा भाव को पोषित करने के लिए प्रेरित करता है ।




इसके उपरांत प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई जिसका संचालन मास्टर ट्रैनर **श्री सुमित गर्ग, उप निदेशक, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, हरियाणा** और **श्री गौरव, वैज्ञानिकी/तकनीकी सहायक-बी, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, चंडीगढ़** ने किया और प्रतिभागियों को रोचक गतिविधियों और समूह अभ्यासों से भरे संवादात्मक सत्रों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया ।

इस प्रशिक्षण के चार अनुखण्डों के दौरान प्रतिभागियों को तीन से चार सदस्य वाले सात समूहों में विभाजित किया गया। प्रतिभागियों ने कार्यक्रम के दौरान व्यक्तिगत एवं सामूहिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लिया और अनुभवों को साझा और प्रस्तुत किया।

प्रथम समूह के प्रतिभागियों ने इस दिनभर के प्रशिक्षण सत्र को रोचक और आकर्षक बनाए रखने के लिए दोनों मास्टर प्रशिक्षकों के प्रयासों और शिक्षण शैली की सराहना की । इस एक दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिभागियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया गया ।

कार्यक्रम की कुछ झलकियाँ :-




























समन्वित,संकलित व रिपोर्ट द्वारा :

जगनप्रीत कौर ब्रोका , वैज्ञानिक – सी

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र, हरियाणा राज्य, चंडीगढ़